कर्नाटक स्टेट फोरेस्ट अकेडमी, धारवाड के 43 फॉरेस्ट रेंज ऑफिसर (FRO) प्रशिक्षणार्थियों ने किया आफरी का भ्रमण (दिनांक 08/11/2018)

दिनांक **08/11/2018** को कर्नाटक स्टेट फोरेस्ट अकेडमी, धारवाड के तृतीय बेच के 43 फॉरेस्ट रेंज ऑफिसर प्रशिक्षणार्थियों ने श्री जे. एन. पाटिल (डी.सी.एफ़. रिटायर्ड) एंव श्री प्रकाश टी.आर., फॉरेस्ट रेंज ऑफिसर के साथ शुष्क वन अनुसंधान संस्थान का भ्रमण किया। भ्रमण के प्रारंभ में संस्थान के विस्तार एंव निर्वचन केन्द्र का भ्रमण कर वहां प्रदर्शित शोध संबंधी सूचनाओं का अवलोकन किया। डॉ. बिलास सिंह, सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी ने विस्तार एंव निर्वचन केन्द्र पर शोध संबंधित सूचनाओं की जानकारी प्रशिक्षणार्थियों को दी।

विस्तार एंव निर्वचन केन्द्र में प्रदर्शित शोध संबंधी सूचनाओं का अवलोकन करते हुए फॉरेस्ट रेंज ऑफिसर प्रशिक्षणार्थी

फॉरेस्ट रेंज ऑफिसर प्रशिक्षणार्थियों ने संस्थान की उच्च तकनीक एवं प्रायोगिक पौधशाला का भी भ्रमण किया।

श्री सादुलराम देवड़ा एफ. आर.ओ प्रशिक्षणार्थियों को नर्सरी के विभिन्न आयामों की जानकारी देते हुए

डॉ. बिलास सिंह एवं श्री सादुलराम देवड़ा तकनीकी अधिकारी ने भ्रमणकारी दल को नर्सरी का भ्रमण कराया। श्री सादुलराम देवड़ा ने नर्सरी संबंधी जानकारी प्रशिक्षणार्थियों को दी।